तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 ब्रांडेड कंपनियों के बीज से भी खेत में नहीं लगा थरहा, चिंता में किसान



## खबर संक्षेप

### सत्यम बने सीए, बढ़ाया कोरिया का मान



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के होनहार और प्रतिभाशाली छात्र सत्यम बड़ेरिया ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए बनने में सफलता अर्जित की है। वे आरंभ से ही मेहनत व लगन से शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर के अलावा उन्होंने उच्च शिक्षा पुणे (महाराष्ट) से प्राप्त की थी। सत्यम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवारजन को दिया है। उन्होंने कहा कि एकाग्रचित और पूरी लगन निष्ठा से कार्य करने से सफलता मिलती ही है। सत्यम बड़ेरिया स्थानीय व्यवसायी अशोक बड़ेरिया के पुत्र है। उनकी सफलता का पूरा परिवार खुश है। सत्यम की इस उपलब्धि पर बैकुंठपुर नगरवासियों ने भी सत्यम को बधाई दी है।

### कबीरपंथी धर्मगुरु का सत्संग प्रवास



**अनूपपुर।** कबीरपंथ समुदाय के पूज्य धर्मगुरु प्रकाशमुनी नाम साहेब के पुत्र उदितमुनि नाम साहेब इन दिनों सत्संग एवं आध्यात्मिक प्रवास पर निकले हुए हैं। वे पिछले एक माह से भी अधिक समय से विभिन्न गांवों, नगरों एवं स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। अपने इस प्रवास के दौरान उन्होंने कोतमा क्षेत्र के मझौली गांव में रामरतन महरा के निज आवास पर पहुंचकर भेंट की, जहां स्थानीय कबीरपंथी अनुयायियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही वे ग्राम पंचायत चुकान, झिरिया टोला और बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित सोमनाटोला भी पहुंचे, जहां उन्होंने सत्संग किया और लोगों को मानवता, प्रेम, अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### किसानों को निःशुल्क बीज वितरण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार और उत्पादन वृद्धि को लेकर कृषि विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नेशनल मिशन ऑन इडिबल ऑयल योजना के अंतर्गत किसानों को उन्नत किस्म के मूंगफली बीज और अरहर मिनीकीट का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है, जिससे उन्हें वैकल्पिक फसलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। इसी क्रम में 1 जुलाई को विकासखंड भरतपुर की ग्राम पंचायत बहरासी एवं खमरौध में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुखमंती सिंह, जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, स्थानीय जनपद सदस्यगण एवं सरपंच महोदयाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### शराब के नशे में पति ने पत्नी की ली जान

**अनूपपुर।** पति ने शराब के नशे में अपनी पत्नी की जान ले ली। मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना राजेन्द्र ग्राम अंतर्गत ग्राम धीरू टोला निवासी अज्जू यादव उम्र 38 वर्ष ने शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की, इससे उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक एसपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी अज्जू यादव और उसकी पत्नी पवरिया उम्र 35 वर्ष दोनों शराब के नशे में थे और नशे की हालत में दोनों के बीच झगड़ा हुआ। इस दौरान अज्जू यादव ने अपनी पत्नी को लात से मार दिया, इससे महिला दीवार से टकरा गई, इसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी अज्जू यादव के विरुद्ध धारा 103 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### बिजली मंडल में मनी डॉ. मुखर्जी जयंती

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य और राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को भाजपा मंडल बिजली द्वारा श्रद्धा, संकल्प और उत्साह के साथ मनाई गई। मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा के आह्वान पर यह कार्यक्रम मंडल के सभी 40 बूथों और वार्डों में एक साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों पर चर्चा की। अनेक स्थानों पर विचार गोष्ठी, राष्ट्रगान और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कई बूथों पर पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## चहुंओर जलमग्न हुए नदी-नाले, जगह-जगह जलभराव

# हसदेव नदी उफान पर, एनएच-43 पर थमा आवागमन



उफान पर हसदेव नदी।



जोखिम में जल भराव को पार करता बोलेरो का चालक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे आम जनजीवन अब खासा प्रभावित हो रहा है। कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क भी प्रभावित हुआ है।

■ कोरिया-एमसीबी जिले में बारिश का कहर

प्रशासन ने आमजन को सचेत करते हुए तेज बहाव वाले नदी-नालों, सड़कों और पुल-पुलियों को पार करने से मना किया है। साथ ही वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। कोई भी व्यक्ति यदि तेज बहाव में वाहन या पैदल पार करने का प्रयास करता है, तो जान जोखिम में पड़ सकती है। बीते वर्षों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार सुबह से एमसीबी जिले के नागपुर के समीप भारी बारिश के कारण हसदेव नदी उफान पर है साथ ही हसदेव घाट पर बाढ़ का पानी सड़क पर चढ़ गया, जिससे नेशनल हाइवे पर आवागमन बाधित हो गया है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसदेव घाट की सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग जान की परवाह किए बिना जोखिम उठाकर वाहन लेकर बाढ़ के पानी से गुजरने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

नेशनल हाइवे जाम होने से आपात सेवाएं और जरूरी आपूर्ति भी प्रभावित हुई हैं, वहीं क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बाढ़ नियंत्रण दल की उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। न ही स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई मार्गदर्शन या चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं।

## अमृतधारा जलप्रपात की ओर जाने पर प्रतिबंध

बीते दिनों लगातार बारिश के चलते मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के नदी-नालों और जलप्रपातों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। अनुमंडल अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार स्वयं मोर्चा संभालते हुए क्षेत्रीय निरीक्षण पर निकले और अमृतधारा जलप्रपात सहित आसपास के संवेदनशील स्थलों का जायजा लिया। जलप्रपात और नदी क्षेत्र में आमजन की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाते हुए मौके पर बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अमृतधारा जलप्रपात के निकट सीधे पहुंचने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम लिंगराज सिदार ने बताया कि जलप्रपात का बहाव अत्यंत तीव्र हो चुका है। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए लोगों को सुरक्षित दूरी से ही प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करने की अपील की जाती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की अपील है कि नदी-नालों और जलप्रपातों के समीप न जाएं, मौसम की गंभीरता को समझें, प्रशासन का सहयोग करें, आपात स्थिति में 112 या स्थानीय कंट्रोल रूम को सूचित करें।



अमृतधारा में बेरिकेटिंग करते प्रशासन के लोग।

### नागपुर के पास हसदेव घाट पर सड़क डूबी



**नागपुर।** हसदो नदी के बगल से गुजरने वाले नेशनल हाईवे रोड में जमद्वारी पहाड़ के बीच हसदो नदी का बाढ़ रोड में चढ़कर बह रहा था, इससे वाहनों की आवाजाही बंद हो गई, इससे गाड़ियां दोनों तरफ जाम हो गई थी। रविवार की सुबह 6 बजे नागपुर पुलिस बल ने बाढ़ स्थल पर पहुंच करके सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दोनों तरफ गाड़ियों को रुकवा दिए, ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घट सके, जैसे ही बाढ़ का पानी 1 घंटे बाद कम हुआ वैसे ही रोड में आवागमन बहाल कर दिया गया।

### नदियों का जलस्तर बढ़ा





**मनेन्द्रगढ़।** रविवार की सुबह लगभग 6 बजे से शुरू हुई मूसलधार बारिश ने मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे जिले को तरबतर कर दिया। बारिश का सिलसिला दिनभर रुक-रुक कर चलता रहा, इससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। बारिश के कारण जिले की प्रमुख नदियां हसिया, हसदेव और विशाल बोरा उफान पर आ गईं। इनके जल स्तर में अचानक वृद्धि देखी गई, जिससे प्रशासन भी सतर्क हो गया है। नदी किनारे बसे इलाकों में संभावित जलभराव और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है। नगर प्रशासन द्वारा नदियों के किनारे बसे ग्रामवासियों को सतर्क रहने की अपील की गई है। साथ ही किसी भी आपात स्थिति के लिए आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट पर रखा गया है। तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मुख्य बाजार, बस स्टैंड तिराहा और रेलवे स्टेशन के आसपास पानी भरने से आवाजाही में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान जिले में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

## किराना व्यापारी के गोदाम में चोरी, महुआ-चावल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत शिवपुर बाजार स्थित मेन रोड पर संचालित एक किराना व्यवसायी के गोदाम में बीती रात चोरी की वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने गोदाम से लगभग 9 हजार रूपए मूल्य का महुआ व चावल पार कर दिया। व्यवसायी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। धन सिंह निवासी ग्राम बरदर जो शिवपुर बाजार में किराना दुकान संचालित करते हैं।

■ रात में गोदाम का ताला तोड़कर सेंधमारी

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दुकान के सामने सड़क के उस पार स्थित गोदाम में वे बिक्री के लिए अनाज, महुआ, चावल आदि रखते हैं। 30 जून की रात लगभग 9 बजे वे गोदाम में ताला लगाकर अपने गांव लौट गए थे। अगली सुबह 1 जुलाई को लगभग 6 बजे जब वे टहलते हुए गोदाम के पास पहुंचे, तो देखा कि गोदाम की सिकड़ी उखड़ी हुई थी, ताला वहीं लटका था और दरवाजा आधा खुला हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने गांव के सरपंच विजय सिंह और रामफल को बुलाया और गोदाम के अंदर जाकर देखा, तो पाया कि गोदाम से 1 क्विंटल महुआ कीमत 6000 एवं 1 क्विंटल चावल कीमत 3000 गायब था। पीड़ित व्यवसायी ने तुरंत थाना में अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्थानीय व्यापारियों ने चोरी की इस घटना पर नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। प्रशासन से अपेक्षा है कि शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

### मिड-डे मील का 50 किलो चावल ले उड़े चोर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के चरचा थाना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा में बीते गुरुवार रात्रि अज्ञात चोरों ने मिड-डे मील किचन का ताला तोड़कर भीतर रखे 50 किलो चावल की बोरी चोरी कर ली। इस चोरी की कीमत लगभग 1250 रूपए आंकी गई है। मामले की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बिजेन्द्र कुमार मानिकपुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 जुलाई की शाम 5:30 बजे विद्यालय बंद कर स्टाफ घर चला गया था। अगली सुबह 3 जुलाई को पाली की सहायिकाएं खुशबू, सपना देवांगन एवं महुआ मैती जब विद्यालय पहुंची तो देखा कि किचन रूम का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी चावल की बोरी गायब थी। घटना की जानकारी उन्होंने पाली शिक्षक सौरभ शाह को दी, इसके बाद विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच में पाया गया कि दो अज्ञात युवक रात में विद्यालय परिसर में दाखिल हुए और किचन रूम की ओर जाकर चावल की बोरी लेकर निकलते हुए कैमरे में कैद हुए। यह फुटेज विद्यालय के कर्मचारी मनीष पटेल एवं मंगल सिंह ने भी देखा है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से थाना प्रभारी चरचा को लिखित सूचना दी गई है और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय प्रशासन से विद्यालय परिसर में रात्रि प्रहरी या निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठ रही है।

## दूसरे राज्य के पर्यटक पहुंचते हैं अमृतधारा



**मनेन्द्रगढ़।** छग की प्रमुख हसदेव नदी सोनहत (कोरिया) के मेण्ड्रा की पहाड़ियों से घने जंगल और प्रकृति की सुरम्य वादियों से निकलकर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम लाई के पास हसदेव नदी का पानी जब 100 फीट की ऊंचाई से गिरता है तथा ऊंचाई से गिरने के कारण तथा जल के छोटे-छोटे कण हवा में आसपास बिखरते हुए मन को ठंडक पहुंचाते हैं।

एमसीबी जिले ही नहीं राज्य की प्रमुख जलप्रपातों में शामिल है। यही कारण है कि अन्य राज्यों के पर्यटक भी काफी संख्या में यहां पहुंचते हैं। आजकल वर्षा ऋतु में इसकी विशालता देखने को बनती है। जिले के इतिहासकार डॉ. विनोद पांडेय जो जिले के पर्यटन व पुरातत्व विभाग के नोडल अधिकारी भी हैं प्राचीन की किवदंती के बारे में बताते हैं कि महर्षि बामदेव जो घने जंगलों के मध्य एकांत में इस झरने के निकट तपस्यारत थे, यही पर महर्षि सूत जी ने उन्हें 18 विधाओं से युक्त पुराणो की संपूर्ण कथा एवं शिव पुराण सुनाया, इस पर महर्षि बामदेव ने कहा कि प्रभु आपने वर्षभर अमृत की वर्षा की है, इसलिए इस धारा का नाम अमृतधारा रहेगा और तब से लोग इसे अमृतधारा कहने लगे। वास्तव में इस स्थान का पुराना नाम किंरवाही था तथा कुछ वर्ष पूर्व तक 40-50 घरों की बस्ती थी तथा गोंड और चेरवा जनजाति के लोग निवास करते थे। डॉक्टर पांडेय ने बताया कि यह स्थान धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, यहां भगवान शिव का एक मंदिर है, जहां महाशिवरात्रि में मेला लगता है। कहा जाता है कि कोरिया रियासत के राजा रामानुज प्रताप सिंहदेव 1936 में इस मेले का प्रारंभ किए थे। जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से 26 किमी दूर है राष्ट्रीय राजमार्ग 43 ग्राम लाई से 8 किमी अंदर एकांत में स्थित यह अत्यंत रमणीय स्थल है। यहां जिला प्रशासन द्वारा कुछ वर्षों से अमृतधारा महोत्सव मनाया जाता है तथा वन विभाग का एक रेस्टहाउस तथा जिला पंचायत का एक भवन व कुछ कॉटेज बनाए गए हैं। वर्तमान में उनके मेंटेनेंस का काम चल रहा है। बच्चों के लिए पार्क है तथा जिला प्रशासन व वन विभाग पर्यटन के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं।

### कीचड़ में तब्दील हो रही सड़क, राहगीर परेशान

# नाली निर्माण के लिए खोदा गड्ढा बना मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिला अंतर्गत जनकपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में विकास के नाम पर ठेकेदार के द्वारा नाली निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा अब वार्डवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है। बारिश कि वजह से गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिससे घरों से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि नगर सरकार के जिम्मेदारों के लापरवाही से ठेकेदार द्वारा लगभग 2 माह पूर्व लोगों के दरवाजे में नाली निर्माण करने के लिए जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदवाकर छोड़ दिया और गायब हो गया है, इससे इन दिनों बारिश का पानी गड्ढा में भरकर ओवरफ्लू होकर सड़क में बह रहा है, इससे पूरा रास्ता इन दिनों कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में लोगों को अपने घरों से निकलकर सड़क में चलना मुश्किल हो गया है। वार्डवासियों का कहना है कि ठेकेदार नाली के लिए गड्ढा खोदने के बाद नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किए और पिछले 2 माह से गायब हो गए हैं, इससे बारिश के इस मौसम में वार्ड की स्थिति और भी खराब हो गई है। वार्डवासियों को मजबूरी में घर से निकलकर पानी से भरा हुआ नाली के गड्ढा को पार करके सड़क में फैली कीचड़ से गुजरना पड़ रहा है।

वार्डवासियों का कहना है कि हम लोग समस्या के बारे में वार्ड पार्षद को वार्ड में बुलाकर वस्तु स्थिति से अवगत कराए, लेकिन समस्या से हम लोगों को राहत नहीं मिल सका है। परेशान वार्डवासियों का कहना है कि जनकपुर नगर पंचायत के जिम्मेदारों और ठेकेदार की लापरवाही के चलते हम लोगों को बारिश के इन दिनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



गड्ढे में जल भराव।

### कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत गांव में शोक का माहौल

**कटगोड़ी।** कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी के बाजार मोहल्ला में शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान उमाशंकर सिंह पिता बैजनाथ सिंह निवासी चुहियापारा के रूप में हुई है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए मकान में रह रहे थे। घटना 5 जुलाई की शाम लगभग 5 बजे की है।

मृतक उमाशंकर सिंह पानी भरने के लिए पास के कुएं पर गए थे, जहां पानी भरने के दौरान बाल्टी डालते समय अचानक पैर फिसल गया और वे कुएं में गिर पड़े। गिरने के दौरान उनके मुख पर गंभीर चोट लगने की आशंका है, जिससे वे बेहोश होकर कुएं में ही डूब गए। जब देर तक वे वापस नहीं लौटे तो परिजन और पड़ोसियों ने खोजबीन शुरू की। कुएं के पास गमछा, बाल्टी और रस्सी मिलने पर शक हुआ, जिसके बाद कुएं में झांकने पर डूबा हुआ शव दिखाई दिया। सूचना पर रविवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## दुकान मालिक से विश्वासघात स्टाफ ने की हजारों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के चिरमिरी थाना अंतर्गत मेन रोड डोमनहिल क्षेत्र स्थित एक किराना एवं कपड़ा दुकान में कार्यरत कर्मचारी द्वारा लगातार चोरी करने का मामला सामने आया है।

■ सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ रकम जेब में रखते

दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद चोरी का खुलासा किया और अब मामले की लिखित शिकायत थाना में दर्ज कराई है। प्रार्थी रोशन झा पिता प्रेमकांत झा उम्र 28 वर्ष निवासी मेन रोड डोमनहिल चिरमिरी ने बताया कि उनकी दुकान में खलेश्वर राजवाड़े नामक युवक बीते तीन वर्षों से कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। पिछले कुछ समय से उन्हें संदेह हो रहा था कि कर्मचारी दुकान का सामान बेचकर रूपए गुपचुप तरीके से अपने पास रखता है। 27 जून को जब उन्होंने दुकान का सीसीटीवी फुटेज खंगाला, तो खलेश्वर राजवाड़े को सामान बेचकर राशि अपनी जेब में रखते हुए स्पष्ट रूप से देखा गया। इसके बाद 2 जुलाई को प्रार्थी ने अपने साथी सूरज, शैलेन्द्र एवं अमित की उपस्थिति में कर्मचारी से पूछताछ की। इस पर उसने लगभग 20,000 से 25,000 की नकद राशि एवं कपड़े चोरी करना स्वीकार किया। प्रार्थी को संदेह है कि चोरी गया सामान और रकम कर्मचारी के घर में भी हो सकता है।

उन्होंने प्रशासन से गहन जांच एवं उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आरोपी के घर की तलाशी लेकर शेष चोरी के सामान का पता लगाया जाए, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी की रकम का लेखा-जोखा तैयार कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### माता राजमोहनी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर कल

**अम्बिकापुर।** प्रणव भवन में जनजाति गौरव समाज के प्रदेश मंत्री राम लखन पैकरा की अध्यक्षता में प्रणव भवन में आयोजित जनजाति गौरव समाज की बैठक में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के अवतरण दिवस पर 7 जुलाई को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। राम लखन पैकरा ने कहा कि बैठक में जनजाति गौरव समाज, संत गहिरा गुरु विवि एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर जिला अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संभाग से पहुंचे कार्यकर्ताओं के बीच कार्य विभाजन किया गया। बिहारी तिर्की, श्रीमती अनामिका पैकरा सरगुजा, दिनेश सिंह, श्रीमती पुष्पा सिंह जशपुर, रघुवीर भगत, श्रीमती शशिकला भगत बलरापुर, परमेश्वर सिंह, श्रीमती कौशल्या सिंह को कोरिया एवं एमसीबी का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। संगठन ने समाज के सभी वर्गो से शिविर में भागीदारी करने का आह्वान किया है। बैठक में सहदेव भगत, उपेन्द्र सिंह, रमेश पैकरा, अवधेश केरकेट्टा, रामनिधि यादव, चंदन यादव, हरि सिंह, महादेव सिंह पैकरा, सुजीत साव, अधिवक्ता दीपक लाल आदि उपस्थित थे।

### एक ही दुकान से किताबों की खरीदी करने अभिभावकों पर बनाया जा रहा दबाव

**बिश्रामपुर।** नगर के सतपता स्थित एक मिशनरी स्कूल में किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को एक विशेष दुकान से ही खरीददारी करने का दबाव बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि शहर के उक्त स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शिकायत किया है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा पुस्तकों की खरीदारी के लिए केवल एक निश्चित दुकान मात्र के नाम का सुझाव दिया गया है। स्कूल के अनुसार विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित पुस्तकें एक ही दुकान से ही लेनी होगी। अभिभावकों का आरोप है कि इस विशेष दुकान पर पुस्तकें ज्यादा महंगे दामों पर बेची जा रही हैं और उनके पास विकल्प के तौर पर अन्य दुकानों या ऑनलाइन माध्यमों से पुस्तकें खरीदने की स्वतंत्रता नहीं बची है। मंहगाई के इस दौर में अभिभावक पहले ही शुल्क, यूनिफॉर्म, प्रोजेक्ट वर्क और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के नाम पर अतिरिक्त खर्च से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि पुस्तकों की खरीद पर भी मनमानी थोपी जाए तो यह न केवल आर्थिक बोझ है, बल्कि अभिभावकों की स्वतंत्रता के खिलाफ भी है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी शिक्षा नीति के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन हो रहा है,स्कूल प्रबंधन के इस निर्णय से स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं में भी नाराजगी है। एक दुकानदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम भी वही किताबें रखते हैं जो सीबीएसई, आईसीएसई या राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रम में होती हैं, लेकिन जब स्कूल प्रबंधन केवल एक दुकान का नाम देता है तो हमारा व्यवसाय भी प्रभावित होता है। अभिभावकों ने सूरजपुर कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि निजी स्कूल द्वारा की जा रही इस एकांगी व्यवस्था की निष्पक्ष जांच हो और यदि इसमें कोई सांठगांठ पाई जाती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### कथा वाचक से मारपीट करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**अंबिकापुर।** इटावा के बकेवर इलाके के दादरपुर गांव में कथा वाचक एवं सहायकों के साथ की गई मारपीट के मामले में संभाग के अखिल भारतीय यादव महासभा ने कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। महासभा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा दादरपुर गांव में भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान कुछ दबंग लोगों द्वारा कथा व्यास से उनकी जाति पूछी गई। कथा वाचक द्वारा अपनी जाति यादव बताने पर लोगों ने अभद्र व्यवहार करते हुए उनके बाल कटवाए, नाक रगड़वाई और मारपीट करने के बाद स्थल का शुद्धिकरण कराया गया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान जातिगत भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। ये व्यक्ति की गरिमा और प्रतिष्ठा से जीवन जीने के मौलिक अधिकार के विरूद्ध किया गया अपराध है अखिल भारत वर्षीय यादव गहासना छत्तीसगढ़ इस घटना की घोर निन्दा करती है। महासभा ने सरकार से मांग की है कि आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान मभासभा के संभागीय अध्यक्ष परमानंद यादव, प्रांतीय वरिष्ठ उपध्यक्ष राजकुमार यादव, सभागीय महामंत्री धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष श्रवण यादव, नगर अध्यक्ष राधेश्याम यादव, अधिवक्ता जयकांत यादव, संतोष यादव, हीराधर यादव, प्यारेलाल यादव मौजूद थे।

### नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल

अम्बिकापुर। घर से नशीला इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के पास से 50 नग नशीला इंजेक्शन जब्त कर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी कमलेश कुर्रे उर्फ करिया अपने घर में बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने उसके घर दबिश देकर उसके पास से 50 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार लिया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## बाढ़ के कारण आवागमन हुआ मुश्किल

# बारिश में टापू बना चांदनी-बिहारपुर का दूरस्थ ग्राम रसौकी, टूटा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

देश को आजादी मिले 78 साल पूरा होने को है लेकिन अभी तक विकासखण्ड ओड़गी के सात ग्राम पंचायतों को पहुंचविहीनता से मुक्ति नहीं मिल पाई है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसौकी बारिश में टापू बन गया है। लगातार बारिश के बाद ग्राम रसौकी चारो तरफ से बरंगा नदी की बाढ़ से घिर गया है तथा लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

**खास बातें**

- गांव तक नहीं बन सकी है सड़क
- किसी के बीमार पड़ने पर होती है भारी परेशानी
- कतहसील कार्यालय, अस्पताल की बढ़ी दूरी

ग्राम पंचायत रसौकी सूरजपुर जिले का अंतिम गांव है तथा कोरिया जिला के सीमा पर बसा है। आवागमन के लिए अभी गांव तक सड़क नहीं बन सकी है। जनप्रतिनिधियों की पहल पर तत्कालीन भाजपा सरकार ने पहली बार चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र की चिंता कर आवागमन के लिए सड़क निर्माण कराने का निर्णय लिया तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 36 किमी लम्बी बिहारपुर-रसौकी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से निर्माण शुरू भी कराया लेकिन लगातार प्रयासों के बावजूद दोगुने समय में बिहारपुर से उमझर तक 23.9 किमी सड़क ही बन सकी। नक्सलियों के गढ़ में ठेकेदार ने सड़क निर्माण करने की हिम्मत नहीं की जिसके कारण उमझर से रसौकी तक की 12 किमी लम्बी सड़क आज तक नहीं बन सकी। मध्यप्रदेश का बैढ़न जिला नजदीक होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश लोग इलाज एवं जरूरत के सामानों की खरीदी बैढ़न से ही करते हैं। आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण कम दूरी होने के बावजूद लोग तहसील मुख्यालय बिहारपुर काफी मुश्किल से पहुंचते हैं। उन्य दिनों में तो लोग बाइक एवं ट्रैक्टर से जैसे-तैसे यात्रा कर लेते हैं लेकिन बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता है। बारिश में बरंगा नदी लबालब हो जाती है तथा उमझर-रसौकी मार्ग को अलग-अलग चार स्थानों पर काटती है। बाहर जाने के लिए ग्रामीणों को नदी के चौड़े चार पाटों को पार करने के लिए पैदल 5 किमी का सफर करना पड़ता है जिसके बाद लोग बाइक से उबड़खाबड़ कच्ची सड़क का सफर कर मुख्य मार्ग तक पहुंचते हैं। तहसील मुख्यालय, अस्पताल और स्कूल-कॉलेज यहां तक कि बैढ़न जाने के लिए भी ग्रामीणों को हर बार चार स्थानों पर नदी को पैदल पार करना पड़ता है। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर ग्राम रसौकी तक मरीज को 12 किमी पैदल खाट पर लाना पड़ता है तब एम्बुलेंस अथवा चारपहिया वाहन उपलब्ध हो पाता है। गांव में नेटवर्क भी नहीं रहता जिससे लोग किसी को अपना हाल बता सकें। गांव में बीएसएनएल ने अपना टॉवर लगाया है लेकिन अभी टॉवर को शुरू नहीं किया जा सका है।



बुखार पीड़ित को पीठ पर बैठाकर पैदल नदी पार कराते परिजन।

### मरीज को पीठ पर बैठाकर कराया नदी पार

रसौकी निवासी कुंदन प्रसाद शुक्ला (47 वर्ष) को लम्बे समय से तेज ज्वर आने पर परिजन शुक्रवार को उपचार कराने बैढ़न ले गए। परिजन ने पीड़ित को पीठ पर बैठाकर पैदल उफनती बरंगा नदी को पार कर कच्ची सड़क तक ले आए तथा बाइक से बैढ़न अस्पताल ले गए। गांव की किसी प्रसूता की तबीयत बिगड़ने अथवा प्रसव के लिए उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है तथा चारपाई के सहारे पीड़िता को नदी पार करा सड़क तक लाना पड़ता है। दो सालों पूर्व शासन ने लोनिवि को उमझर-रसौकी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि भूमि विवाद के कारण विभाग को टेंडर निरस्त करना पड़ा।

### ये गांव हैं पहुंचविहीन

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत हाल के वर्षों तक एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतें पहुंचविहीन थीं। शासन-प्रशासन के लगातार प्रयासों से आधा दर्जन गांवों तक पक्की सड़क बन गई है जिससे ग्रामीणों का जीवन आसान हुआ है तथा उनका जीवन स्तर भी बदला है। विकासखण्ड का ग्राम पंचायत छतौली, बीजो, घुईडीह, रसौकी, लुल्ह, मुण्डा एवं खोहिर अभी भी पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे हैं। प्रशासन इन पहुंचविहीन गांवों के लिए भले ही कुछ नहीं कर सका हो लेकिन बरसात पूर्व चार महीनों का राशन समय पर भण्डारित करा देता है।

### 14 किमी दूर हाईस्कूल

ग्राम रसौकी के बच्चे 14 किमी दूर ग्राम महुली स्थित हाईस्कूल में पढ़ाई करने जाते हैं जबकि हायर सेकेण्डरी एवं कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई करने 45 किमी दूर बिहारपुर जाना पड़ता है। कुछ बच्चे बिहारपुर में रहकर पढ़ाई करते हैं जबकि कुछ बाइक से रोज आना-जाना करते हैं। बरंगा नदी के लबालब होने के बाद बच्चों ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। बरसात बाद नदी का जल स्तर कम होने पर गांव के बच्चे स्कूल -कॉलेज पहुंचेंगे।

### विरोध के कारण टेंडर निरस्त

शासन द्वारा सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी तथा ठेकेदार ने निर्माण शुरू भी कर दिया था। प्रस्तावित सड़क गुरूघासी दास प्रक्षेत्र अंतर्गत होने के कारण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे थे जिस कारण टेंडर निरस्त करना पड़ा।

-ललित भोई
ईई, लोनिवि सूरजपुर



# परिश्रम कर बने सफल नागरिक : दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को शहर के होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु चयनित छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा शामिल हुए।

- संभागायुक्त की मौजूदगी में हुआ छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह

प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी चयनित छात्र संसद को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष पद पर क्रमशः शाश्वत पाण्डेय और अन्वेषा सिन्हा, उपाध्यक्ष पद पर शौर्य गुप्ता और अम्बिका सिंह, सचिव पद पर तेजस राज सोनी, सहसचिव पद पर काश्वी अग्रवाल चयनित हुए। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अपर्णा सरकार ने स्वागत उद्बोधन किया। मुख्य अतिथि और प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी द्वारा बैच और सैश पहनाकर छात्र प्रतिनिधियों को अलंकृत किया गया। इसके बाद सभी छात्र प्रतिनिधियों को बैच लगाकर उन्हें जिम्मेदारियों से जोड़ा गया। संभाग आयुक्त श्री दुग्गा ने छात्र संसद को संबोधित करते हुए स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि छात्र जीवन से लेकर आज कमिश्नर सरगुजा के पद पर आसीन होने तक का मेरा सफर आसान नहीं था। गांव में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद अथक परिश्रम करते हुए मैंने यह यात्रा तय की है। उन्होंने बच्चों से कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। आप सभी भाग्यशाली है कि आपकी शिक्षा की शुरुआत एक उच्च कोटि के विद्यालय में हुई है। आप के माता पिता अपने सुख की परवाह किए बिना आपको अच्छे स्कूल में पढ़ा रहे है तो आपका भी यह फर्ज बनता है कि आप कठिन परिश्रम करे और एक सफल नागरिक बने। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ. सि. जेस्सी ने भी संबोधित किया अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मिस रिम्शा श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, श्रीमती जिनी थामस ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीमती अनुराधा अग्रवाल ने किया।

# दुकानदार को थोक में मोबाइल बेचने के नाम पर 1.78 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मेन मार्केट साईं कॉम्प्लेक्स स्थित एक स्थानीय मोबाइल दुकानदार से रायपुर के आरआर मोबाइल शॉप के नाम पर अज्ञात शख्स ने 1 लाख 78 हजार 500 रुपए की ठगी कर ली है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि नपं शिवनंदनपुर मुख्य मार्केट स्थित बालाजी मोबाइल दुकान के संचालक प्रार्थी 34 वर्षीय शैंकी मित्तल पिता नित्यानंद मित्तल के पास पिछले दिनों 30 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर खुद को आरआर मोबाइल शॉप रायपुर का प्रतिनिधि बताया।उसने थोक दर पर मोबाइल बेचने की बात कही और शैंकी मित्तल से व्यापारिक सौदे के लिए रेट लिस्ट शेयर की।रेट लिस्ट देखने के बाद शैंकी मित्तल ने 1,78,500 रुपए कीमत के मोबाइल सेट ऑर्डर करने का निर्णय लिया।अज्ञात आरोपी ने व्हाट्सएप पर अपना बारकोड भी भेजा और उसी के माध्यम से दो किश्तों में भुगतान कराया गया जिसमें 90 हजार रुपए सैंकी मित्तल के बैंक खाता और 88,500 रुपए उनके पिता के खाते से पेमेंट किया गया,इस पर आरोपी ने आश्वासन दिया कि रायपुर बस से बिश्रामपुर के लिए पार्सल लोड किया जा रहा है और जल्द ही डिलीवरी हो जाएगी। प्रार्थी ने बताया कि उसी शाम कई बार कॉल करने के बाद भी उस नंबर से कोई संपर्क नहीं हो पाया।अगले दिन सुबह 7.30 बजे जब प्रार्थी शैंकी मित्तल बिश्रामपुर बस स्टैंड पहुंचे और बस ऑफिस में जानकारी ली, तो यहां पर सामान का कोई भी पार्सल आरआर मोबाइल शॉप रायपुर की तरफ से नहीं आने की बात कही गई।इसके बाद फोन नंबर बंद मिलने पर दुकानदार शैंकी मित्तल को समझ में आया कि वे एक सुनियोजित ठगी के शिकार हो चुके हैं।

प्रार्थी ने मामले की शिकायत साइबर सेल में की है। साइबर सेल की जांच उपरांत शिकायत पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# संजयनगर में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर 7 एकड़ शासकीय भूमि को कराया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 किनारे बसे ग्राम संजयनगर के पुनर्वास की क्षेत्र में कई करोड़ रुपये कीमती की शासकीय भूमि को हड़पने की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है।

- लटोरी तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध जयनगर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई है।जयनगर पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराकर 7 एकड़ शासकीय भूमि को अपने नाम पर दर्ज कराने की साजिश रची है।पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता महादेव मित्रा नामक व्यक्ति द्वारा थाना जयनगर में आवेदन देकर आरोप लगाया कि दो धनंजय मंडल पिता विश्वनाथ मंडल निवासी रविन्द्रनगर और दिलीप दास पिता स्व. सुधीर दास निवासी पीवी-42, विद्यानगर,पखांजूर ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे मृतक कन्हाईलाल दास व सुधीर दास का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया है।जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दोनों ही मृत्यु प्रमाण पत्र झूठे शपथ पत्रों और विरोधाभासी जानकारियों पर आधारित थे।शिकायतकर्ता के हवाले से लटोरी तहसीलदार ने पुलिस को लिखित रिपोर्ट में बताया कि दोनों आरोपियों ने अलग-अलग स्थान और दिनांक दर्शाते हुए मृतकों की मृत्यु से जुड़े दो अलग-अलग शपथ पत्र प्रस्तुत किए।एक तरफ सुधीर दास की मृत्यु 10 अगस्त 2001 को ग्राम संजयनगर में बताई गई, वहीं दूसरी तरफ उनके पुत्र दिलीप दास द्वारा तहसील पखांजूर में प्रस्तुत शपथ पत्र में मृत्यु 10 मई 2001 और स्थान पीवी 42 दर्शाया गया है।

उसी तरह कन्हाईलाल दास की मृत्यु कभी रविन्द्रनगर तो कभी संजयनगर में बताई गई।प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी ने मृत्यु की पुष्टि करते हुए प्रमाण पत्र में हस्ताक्षर किए लेकिन बाद में जांच के दौरान उन्होंने इस प्रमाण पत्र की जानकारी से इंकार कर दिया।बताया जा रहा है कि जारी हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों के आधार पर ग्राम संजयनगर स्थित खसरा नंबर 417, 418 और 420 की 7 एकड़ शासकीय भूमि को दिलीप दास ने अपने नाम पर करा लिया गया। लटोरी तहसीलदार ने बताया कि मामले की जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत किए गए शपथ पत्रों में स्थान और तारीख में भारी विसंगति थी।मृत्यु की पुष्टि करने वाले दस्तावेज ग्राम पंचायत की जानकारी के बिना जारी किए गए थे।पटवारी द्वारा भी विरोधाभासी बयान दिए गए। तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा ने उक्त कृत्य को धोखाधड़ी व आपराधिक प्रवृत्ति का कार्य करार देते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रकरण सार्वजनिक संपत्ति को ठगों के माध्यम से कब्जाने की सोची-समझी चाल थी। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से तीन लोगों क्रमशः धनंजय मंडल, दिलीप दास और ग्राम संजयनगर की सरपंच श्रीमती सुमारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।

लटोरी तहसीलदार ने बताया कि जांच के बाद इन दोनों मृतकों के नाम पर जारी किए गए मृत्यु प्रमाण पत्रों को संदिग्ध व कूटरचित मानते हुए जिला सांख्यिकी अधिकारी की अनुशंसा पर निरस्त कर दिया गया है।लटोरी तहसीलदार की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने दो आरोपी रविंद्रनगर निवासी धनंजय मंडल पिता विश्वनाथ मंडल व पीवी 42 विद्यानगर पखांजूर कांकेर निवासी दिलीप दास पिता सुधीर दास के खिलाफ धारा 420, 120 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



### 2 सौ किसानों को बांटे गए मूंगफली बीज किसान होंगे लाभान्वित

**केदमा।** किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल सीड के तहत पहले चरण में ग्राम केदमा में 100 हेक्टेयर जमीन पर मूंगफली बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। इसका लाभ केदमा, मरेया, सितकालो और बुले गांव के 200 किसानों को मिलेगा। बीज वितरण विधायक राजेश अग्रवाल ने किया। इस दौरान विनोद हर्ष, राधा रवि, प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, कृतिका सिंह, लगत मोती, मनबोध सिंह, मनीष बंसल, राकेश अग्रवाल, बृजेश चतुर्वेदी, नागेश्वरी सिंह, बुधमोहन सिंह के अलावा कृषि विभाग से उपसंचालक पीएस दीवान, सहायक संचालक आरबी बड़ा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती बिबियाना बेक और राधा कृष्णन भी शामिल हुए।



# पुलिस जवानों का थाना-चौकी स्तर पर मनाया जा रहा जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस जवानों का थाना-चौकी स्तर पर जन्मदिन मनाने एवं जन्मदिन जैसे खास दिन वह अपने परिवार के साथ समय व्यतीत कर सके इसके लिए अवकाश अथवा परमिशन देने के निर्देश एसएसपी ने थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसका पालन पहले दिन से ही देखने को मिल रहा है। थानों में जवानों का जन्मदिन मनाना शुरू हो गया है और अवकाश,परमिशन भी दी जा रही है।

- इस खास दिन पर दी जा रही है अवकाश, परमिशन

1 जुलाई को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारी व जवानों के जन्मदिन मनाने एवं अवकाश,परमिशन देने के लिए एक नई मुहिम शुरू की थी और प्रभारियों को इसके निर्देश भी दिए थे। जिसका पालन अब नियमित होते देखा जा रहा है। पुलिस कन्ट्रोल रूम में पदस्थ आरक्षक राजमोहन राजवाडे तथा चौकी बसदेई में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक अल्का टोप्पो का जन्मदिन मनाया गया। नवपदस्थ चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल ने महिला प्रधान आरक्षक के जन्मदिन पर केक कटवाया। साथ ही चौकी परिसर में मिठाई बांट कर जन्मदिन पर अवकाश,परमिशन पर रवाना किया। जिले के पुलिस मुखिया के इस मुहिम से पुलिस अधिकारियों व जवानों में आत्मीयता का भाव जागृत हुआ है। जन्मदिन पर अवकाश,परमिशन मिलने से अब और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते देखे जा रहे है।

## भरी बरसात में नहर निर्माण के लिए खोद दिए मुख्य मार्ग

# तीन साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सका चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण जिस तरह से कछुआ गति से कराया जा रहा है अब वह लोगों के लिए परेशानी का सबब बन बया है। जलाशय एवं नहर निर्माण शुरू तीन साल हो गए परंतु आज तक पूरा नहीं हो सका जबकि कार्य को 9 माह के भीतर ही पूरा कर लेना चाहिए था। इधर भरी बरसात में ही महावीरगंज से चिनिया मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद देने से अब लोगो की परेशानी और भी बढ़ गई है। खोदे गए गड्ढे से न सिर्फ लोगों का आवागमन बाधित हुआ है बल्कि मार्ग से यात्री बस गुजरना भी बंद हो गया है। ऐसे में लोगों को अन्य मार्ग से आवागमन करने को मजबूर है।

जल संसाधन विभाग द्वारा चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं दो किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 2 करोड़ 14 लाख 29 हजार रुपए लागत से 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को एक बेहतर सुविधा उपलब्ध होने की आस जगी थी और यह कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु 3 वर्ष के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका। कछुआ की गति से चल रहे कार्य से लोगों की उम्मीद को निराशा में बदल दिया। इधर 20 दिन पूर्व ही ठेकेदार द्वारा महावीरगंज चीनिया या मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद दिया गया है जिस कारण से इस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है यहां तक की लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मार्ग के अवरुद्ध होने से सैकड़ों लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है यहां तक की अब मार्ग से यात्री बस गुजरना भी बंद हो गया जिससे लोगों को कई तरह की परेशानी उठानी पड़ रही है।



### बच्चों को स्कूल जाने में भी हो रही है परेशानी

चिनिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे महावीरगंज स्कूल पढ़ने जाते हैं परंतु मुख्य मार्ग के खोद दिए जाने के कारण स्कूल आना-जाना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र के लोगों किसी प्रकार दूसरे मार्ग से बच्चों को स्कूल पहुंचाते है जिससे अब अभिभावकों की भी परेशानी बढ़ गई है। अभिभावकों ने तत्काल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

### गुणवत्ता पर भी उठ रहे हैं सवाल

जिस प्रकार से जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। कार्य धीमी गति से चल रहा है वहीं इसके गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। कई बार ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर शिकायत की परंतु इस ओर ध्यान तक नहीं दिया गया और न ही काम में तेजी आ सकी। ऐसे में जिस तरह से जलाशय एवं नहर निर्माण चल रहा है इसका लाभ मिलने किसानों को और भी इंतजार करना पड़ सकता है।

### सीटू श्रम संगठन के बीरबल व शमीम ने अपने पद से दिया इस्तीफा

बिश्रामपुर। श्रम संगठनों के वार्षिक सदस्यता सत्यापन की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे ही कोल कर्मियों का संगठन बदलने का सिलसिला जारी है।भटगांव क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में दूसरे यूनियन के लोगों ने बीएमएस की सदस्यता ली है।इसी क्रम में आज शनिवार को बिश्रामपुर क्षेत्र में सीटू यूनियन के दो पदाधिकारियों बीरबल राम व मो. शमीम अली ने इस्तीफा दे दिया है।सीटू के क्षेत्रीय सचिव,अध्यक्ष के नाम भेजे इस्तीफा में दोनों ने उल्लेख किया है कि संगठन के क्रिया कलापों से असंतुष्ट होकर हम संगठन की सदस्यता सहित संगठन के सभी पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।



## 'सरजमीन' का दमदार ट्रेलर जारी इब्राहिम से भिड़ते दिखे पृथ्वीराज...

**मुंबई।** अभिनेत्री काजोल इन दिनों फिल्म 'मां' में नजर आ रही हैं, जिसमें वह अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूट रही हैं। अब काजोल जल्द ही फिल्म 'सरजमीन' में नजर आएंगी। इस फिल्म में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, वहीं सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'सरजमीन' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो जबरदस्त एक्शन और सस्पेंस से भरपूर है। 'सरजमीन' के ट्रेलर में सुकुमारन एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी सरजमीन के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं। उन्हें अपनी जान की परवाह नहीं है।

लाइफ Style



# उर्फी

## चाहे कुछ कर लूं, नफरत ही मिलेगी

सोशल मीडिया स्टार और अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने अतरंगी अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उधर उनका बेबाक रवैया भी खूब चर्चा में रहता है। फिलहाल वह करण जौहर के रिएलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उन्होंने सभी प्रतियोंगियों को हराते हुए निकिता लूथर के साथ शो की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। हालांकि, शो को जीतने के बाद उन्हें गालियां सुनने को मिल रही हैं। खुद उर्फी ने ये खुलासा किया है। उर्फी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बेहतरीन गेम खेला और इस रियलिटी शो को जीत भी लिया, लेकिन कुछ लोगों से उर्फी की यह जीत बर्दाश्त नहीं हुई। दरअसल, वो लोग अपनी पसंद के प्रतियोगी को जीतते हुए देखना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने उर्फी को सोशल मीडिया पर गालियां और धमकियां दीं। इन गालियों का स्क्रीनशॉट उर्फी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया और ट्रोलर्स के ऐसे रवैये पर नाराजगी जाहिर की।

उर्फी लिखती हैं, 'जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती तो आप उसे अपशब्द कह देते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब मुझे इस तरह से धमकाया जा रहा है या गाली दी गई है। इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए हुआ, क्योंकि मैंने एक शो जीता था। सोचिए आप इतने छोटे इंसान हैं कि जब आपका पसंदीदा प्रतियोगी नहीं जीतता है तो आप दूसरे शख्स को गाली देने और धमकी देने लगते हैं।'

हॉलीवुड मसाला



## तेज रफ्तार से दौड़ रहीं एफ-1

**लॉस एंजिल्स।** एक ओर जहां हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट की 'एफ1' बॉक्स ऑफिस पर तेज रफ्तार से दौड़ रही है। एफ1 ने गुरुवार को भी 3.7 करोड़ रुपए का अच्छा कलेक्शन किया। इससे पहले बुधवार को फिल्म ने 3.48 करोड़ रुपए जुटा लिए थे। इस तरह से सात दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 35.68 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। जो कन्नप्पा और मां दोनों से बेहतर है। काजोल की फिल्म 'मां' और विष्णु मांचू की पैन इंडिया 'कन्नप्पा' को बॉक्स ऑफिस पर अब एक हफ्ते का समय पूरा हो चुका है।



## लंदन की सड़क पर 'बम बम' गाने पर किया डांस

लंदन। निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं। उन्होंने एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है जिसमें वो प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के लंदन प्रीमियर से ठीक पहले की है। सिंगर ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके पीछे उनकी वाइफ छिपी है और जैसे ही वो कैमरे के सामने से हटते हैं, प्रियंका 'बम बम' गाने पर मटकने लगती हैं। अब एक बार फिर से लोगों ने इस कपल की तारीफ शुरू कर दी है। एक ने कहा- मैं इस कपल का फैन हूं। एक यूजर ने कहा- दोनों भी स्टनिंग। वहीं अन्य यूजर ने कहा- लेडीज, ऐसे ही मर्दों को पार्टनर बनाएं जो हमेशा उन्हें खुद से ऊपर रखें। एक और ने कहा- किसी भी बॉलीवुड कपल से अधिक खुश हैं ये दोनों। एक ने कहा- निक प्रियंका के चियरलीडर हैं।



## सिद्धांत संग धड़क-2 का ट्रेलर 11 को रिलीज

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक हैं। खास बात यह है कि यह पहला मौका होगा, जब सिद्धांत और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। 'धड़क 2' के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। अब फिल्म 'धड़क 2' के ट्रेलर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ गई है।बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धड़क 2' का ट्रेलर 11 जुलाई, 2025 को रिलीज किया जाएगा, जिसके लिए निर्माता मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में तृप्ति, सिद्धांत, फिल्म निर्माता करण और निर्देशक शाजिया भी शामिल होंगे।



## मालिक का गाना राज करेगा मालिक जारी

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही फिल्म 'मालिक' में नजर आएंगे। उनकी यह फिल्म 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म राजकुमार की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मालिक' का नया गाना 'राज करेगा मालिक' जारी कर दिया है। इस गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। 'राज करेगा मालिक' में राजकुमार का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं मानुषी जोरदार डांस करती नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार गैंगस्टर बन बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान पुलकित ने संभाली है, वहीं फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है।

टीवी मसाला



## 'अंगूरी भाभी' को 'संघर्ष' से है दिक्कत बोलीं- 'एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण'

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है।

*'छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं'* : लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन। यही चीजें मुझे आगे बढ़ने में मदद करती हैं।

### टीवी के बदलते दौर पर की बात

शुभांगी अत्रे ने टीवी पर कहानी कहने के बदलते तरीके पर भी अपनी बात बताई। उन्होंने कहा कि आजकल के ज्यादातर टीवी शो असल जिंदगी से प्रेरित हैं, जिससे कलाकारों को ज्यादा गहराई वाले किरदार निभाने का मौका मिलता है उन्होंने कहा, 'टीवी पर कहानी कहने का बदलाव कलाकारों के लिए एक नया अध्याय जैसा है। अब किरदार जटिल और असली होते हैं। मुझे अच्छा लगता है जब मैं किसी भी किरदार के अलग-अलग पहलू दिखा पाती हूं। यह सब नया और बहुत मजेदार होता है।

### सोशल मीडिया व फीडबैक पर क्या बोलीं शुभांगी

शुभांगी ने सोशल मीडिया और फीडबैक के बारे में बात करते हुए कहा कि आजकल की भागदौड़ वाली दुनिया में दर्शकों की प्रतिक्रिया कभी-कभी प्रेरित करती है और कभी-कभी ज्यादा दबाव भी बना देती है। उन्होंने कहा, 'दर्शकों का प्यार ऐसा होता है जैसे फ्यूल, जो आपको आगे बढ़ने में मदद करता है लेकिन मैं कोशिश करती हूं कि इस दबाव में न आऊं।

## सारा अली खान की पिछली पांच फिल्मों में एक भी नहीं हुई फ्लॉप

**मुंबई।** पिछले काफी समय से अभिनेत्री सारा अली खान फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म आखिरकार 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको सारा की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**'केदारनाथ'** : सारा ने साल 2018 में आई फिल्म 'केदारनाथ' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसमें उनकी जोड़ी दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के साथ बनी थी, जिसे काफी पसंद किया गया। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई। 50 करोड़ रुपये में बनी फिल्म 'केदारनाथ' ने दुनियाभर में 96 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर देख सकते हैं।

**'सिम्बा'** : 'केदारनाथ' की सफलता के बाद सारा फिल्म 'सिम्बा' में नजर आई थीं, जिसके निर्देशक रोहित शेट्टी थे। सारा के साथ



इस फिल्म में रणवीर सिंह और सोनू सूद ने भी मुख्य भूमिका निभाई है। साल 2018 में आई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस सुपरहिट साबित हुई। 'सिम्बा' को बनाने में केवल 90 करोड़ रुपये लगे थे और इस फिल्म ने दुनियाभर में 390 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सारा की यह फिल्म भी जी5 पर उपलब्ध है।

**'लव आज कल'** : साल 2020 में आई सारा की फिल्म 'लव आज कल' को काफी पसंद किया गया था। इसमें उनके जोड़ीदार कार्तिक आर्यन थे, वहीं रणदीप हुड्डा ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली थी। सारा की इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की। 50 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'लव आज कल' ने दुनियाभर में 117.27 करोड़ रुपये जुटाए थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

**'जरा हटके जरा बचके'** : लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' में सारा की जोड़ी पहली बार अभिनेता विक्की कौशल के साथ बनी थी। यह फिल्म 2 जून, 2023 को दर्शकों के बीच आई थी और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। 'जरा हटके जरा बचके' ने दुनियाभर में 116 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि इस फिल्म का बजट 35 करोड़ रुपये था। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म देखी जा सकती है।

## बॉक्स ऑफिस पर 'अल्फा' से टकराएगी अदिवी शेष की 'डकैत'

**मुंबई।** अदिवी शेष इन दिनों फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कहानी' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अनुराग कश्यप भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'डकैत' को 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आलिया भट्ट की 'अल्फा' से होने वाला है। अब अदिवी ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

### यह फिल्म जरूर चलेगी : अदिवी

बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में अदिवी ने 'डकैट' और 'अल्फा' के बीच टकराव पर कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई जानबूझकर किसी फिल्म के साथ टकराव करना चाहता है। रिलीज तारीख तय करते समय बहुत सारी चीजें सामने आती हैं। एक अच्छी फिल्म को देखने के लिए दर्शन सिनेमाघर आते ही हैं। अगर आप फिल्म को अच्छी तरह से बनाते हैं और इसका सही तरीके से प्रचार करते हैं, तो यह जरूर चलेगी।



### अदिवी ने आगे क्या कहा?

अदिवी ने आगे कहा, मुझे 'डकैत' के लिए साउथ के लोगों को भी ध्यान में रखना होगा, क्योंकि इसे हिंदी और तेलुगु में शूट किया जा रहा है। मेरी पहली हिंदी फिल्म 'मेजर' भी अक्षय कुमार की 'सम्राट पृथ्वीराज' और कमल हासन की 'विक्रम' से टकराई थी। 'डैकत' की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन शैनिल देव ने किया है। उधर, 'अल्फा' में आलिया के साथ शरवरी वाघ नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्देशक शिव रवैल हैं।

### 375 करोड़ के बजट पर बन रही यह फिल्म भारत की बड़ी फिल्मों में से एक

# 'कुली' में आमिर खान लेंगे रजनीकांत से सीधी टक्कर

*मुंबई। आमिर खान फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। पिछले दिनों आमिर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न भी मनाया। फिल्म की कहानी से लेकर आमिर के अभिनय तक ने दर्शकों को उनका मुरीद बना दिया है, वहीं खुद आमिर ने भी फिल्म की सफलता से राहत की सांस ली है। इसी बीच अब रजनीकांत की फिल्म 'कुली' से उनकी पहली झलक सामने आ गई है।*

### 'दाहा' बनकर दिल जीतने आ रहे आमिर

पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि रजनीकांत की फिल्म में आमिर का जबरदस्त कैमियो होने वाला है, लेकिन किसी ने भी इस पर अपनी मोहर नहीं लगाई थी। अब आखिरकार फिल्म से आमिर का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसे देख अभिनेता के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। आमिर बेहद कूल अंदाज में नजर आ रहे हैं और फिल्म में उनके किरदार का नाम 'दाहा' होने वाला है।



### देखने लायक होगी आमिर और रजनीकांत की भिड़ंत

'कुली' में कई जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिलेंगे। इनमें से एक सीन रजनीकांत और आमिर के बीच होगा, जिसमें दोनों के बीच एक तगड़ा टकराव देखने को मिलेगा। फिल्म में आमिर का किरदार भले ही 15 मिनट का हो, लेकिन इस सीक्वेंस को शूट करने के लिए उन्होंने पूरे 10 दिन की शूटिंग की है, क्योंकि वो सब कुछ बेहतरीन तरीके से करना चाहते थे। दोनों के इस सीक्वेंस में जोरदार डायलॉग्स और झन्नाटेदार एक्शन देखने को मिलेगा।

### भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा आमिर का कैमियो

आमिर भले ही फिल्म में कैमियो कर रहे हों, लेकिन यह 'कुली' की कहानी में एक भयंकर ट्विस्ट लेकर आएगा, कुछ ऐसा, जिसे देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। 375 करोड़ रुपये के बजट पर बन रही 'कुली' भारत की बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म के निर्देशन की कमान लोकश कनगराज ने संभाली है। फिल्म को लेकर इतना उत्साह देखते हुए इसके इंटरनेशनल राइट्स भी 68 करोड़ रुपये में बिके हैं।

### *'वॉर 2' से बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेगी 'कुली'*

*'कुली' का सामना सिनेमाघरों में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' से होगा। दरअसल, ये दोनों ही फिल्में इस साल 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली हैं। 'वॉर 2' के जरिए एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं, वहीं कियारा आडवाणी भी इसका हिस्सा हैं। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की ये फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है। अब देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर 'कुली' और 'वॉर 2' में कौन बाजी मारती है।*

## खबर संक्षेप

### 5 लाख के तालाब गहरीकरण की हो जांच



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जूनापारा में सत्र 2024-25 में जनपद निधि से शमशान घाट तालाब गहरीकरण कार्य कराया गया था, जिसमें भारी अनियमितता बरती गई है, इसकी शिकायत कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों से यहां के उप सरपंच चंद्रप्रकाश समेत काफी संख्या में ग्रामीणों ने की है। इन लोगों का कहना है कि जनपद निधि योजना अंतर्गत 5 लाख रूपए स्वीकृति प्राप्त हुए थे, जिसमें महज एक दिन ही गहरीकरण कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा किया गया। गांव के सरपंच-सचिव से मिलकर राशि आहरित कर ली गई है। इस मामले की जांच कराए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।

### बिना परमिट की चल रही स्कूल बसों पर कार्रवाई

**अनूपपुर।** जिले के कोयलांचल बिजुरी क्षेत्र में निजी स्कूली बस बिना परमिट के चलाया जा रहा था। बसों के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं है, उन सभी बसों पर कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ज्योति दुबे ने बताया कि बिजुरी क्षेत्र में संचालित निजी स्कूल बसों, वैन पर हाईवे चौकी प्रभारी विनोद दुबे द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बस क्रमांक एमपी 65 पी 0175 बस की जांच करने पर परमिट उपलब्ध नहीं था, इस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 10,500 रूपए जुर्माना किया गया, इसके अतिरिक्त अन्य 9 स्कूली बसों पर भी कार्रवाई कर कुल 17,000 रूपए जुर्माना अधिरोपित किया गया। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर सुरक्षित स्कूल बस अभियान के तहत यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान यातायात हाईवे चौकी से एएसआई आनंद तिवारी, विनय मिश्रा, मोहित श्रीवास्तव, कपिल सोलंकी उपस्थित रहे।

### बस ने कार को मारी टक्कर बाल बाल बचे सवार

**अंबिकापुर।** बस चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटें नहीं आई। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम सेमरा निवासी 27 वर्षीय अमित कुमार नायक आ. धनियत नायक 5 जुलाई को अपनी क्रेटा कार क्रमांक जेएच 01 डीएक्स 4277 से ग्राम सेमरा से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह 11 बजे डीपाडीह कला में विपरीत दिशा से आ रहे हिन्दुस्तान बस क्रमांक सीजी 15 ईई 2272 के चालक चंद्रपाल भुईहर ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को दाहिने तरफ से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार स्वामी अमित कुमार उसके साथी फिरोज आलम बाल बाल बच गये लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सम्बलपुर में करंट लगने से युवक की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम संबलपुर चंदौरीडाड़ निवासी 25 वर्षीय युवक बृजलाल पिता बुधराम की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि मृतक अपने घर में अपनी बुजुर्ग मां के साथ रहता था और टेंट हाउस में मजदूरी का कार्य करता था जो गत 30 जून को घर से काम पर निकला था,शुक्रवार को उसका शव घर के बाहर पड़ा हूआ मिला।उसके शरीर के ऊपर बिजली का तार व प्लास पड़ा हुआ पाया गया। पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।

## निधन

### शकुंतला

**पटना।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिंदिया बईरपारा निवासी शकुंतला पति ब्रिजलाल पनिका का



आकस्मिक निधन हो गया। वे 50 वर्ष की थी। इनका अंतिम संस्कार छिंदिया मुक्तिधाम में किया गया, स्व. शकुतला को मुखाग्नि उनके पति ब्रिजलाल ने दी। इस दौरान परिजन समेत काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# ब्रांडेड कंपनियों के बीज से भी खेत में नहीं लगा थरहा, चिंता में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

एक तरफ किसान खाद की समस्या से जूझ रहे है तो वहीं दूसरी ओर नकली और गुणवत्ताहीन बीज की बिक्री का असर अभी से ही किसानों की फसल पर नजर आ रहा है। नकली और अमानक बीज के कारण किसानों के खेत में अब थरहा तक तैयार नहीं हो रहे है। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। हैरानी की बात तो यह है कि दुकान संचालक महंगी कीमतों पर घटिया बीज बेचने के बाद अब अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ ले रहे है।

बता दें कि खरीफ सीजन में किसानों को इस बार खाद की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है और कई स्थानों पर अमानक खाद की सप्लाई की जा रही है। इसके साथ ही जिले में बड़े पैमाने पर नकली बीज की बिक्री के मामले भी सामने आ रहे है। हाल ही में कुछ छापेमार कार्रवाई से इस बात की पुष्टि भी हुई है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि कार्रवाई सिर्फ सैम्पल लेने तक ही सीमित रह गई और अब खाद बीज माफियाओं की मनमानी का खामियाजा किसानों को चुकानी पड़ रही है। किसानों ने अपनी गाढ़ी पूंजी लगाकर दूकान दारों से महंगे कीमतों पर बीज की खरीदी की थी और अच्छी बारिश के बाद किसानों ने बड़ी उम्मीद से अपने खेतों में बीज डालकर थरहा लगाया था लेकिन अब समय बीतने के बाद किसानों के खेत में थरहा तैयार ही नहीं हुआ। ऐसे में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई है और उन्हें अब अपने सालभर के फसल के नुकसान का डर सता रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसान दुकानों में जाकर संचालकों से इसकी शिकायत कर रहे है तो दुकान संचालक द्वारा अपने हाथ खड़े करते हुए कहा जा रहा है कि हम क्या कर सकते है और कम्पनी से ही ऐसा बीज भेजा गया है।

## नकली बीज के कारोबार से किसानों को होगा बड़ा नुकसान

### नकली बीज के कारण हुआ नुकसान

लखनपुर क्षेत्र के किसान रूदन राम राजवाड़े, राजू राम, मंगल राम सहित अनेकों किसानों ने बताया कि धान बीज दुकान से ब्रांडेड कंपनी धान लेने के बावजूद भी खेतों में थरहा तैयार नहीं हुआ है। 20 से 40 फीसदी बीज नहीं उग रहे है। ऐसे में काफी परेशान है क्यों कि पैसे के साथ समय का भी नुकसान हो रहा है। दुकान वाले से शिकायत करने पर कंपनी की गलती का हवाला देकर वापस भेज दे रहे हैं। दुकान संचालक और अधिकारियों की लापरवाही से ठगा सा महसूस हो रहा है। कोई किसानों के सुनने वाला नहीं है, कई किसान डुप्लीकेट बीज के कारण खेती में पिछड़ रहे है जिससे भारी नुकसान होगा।



### की जाएगी कार्रवाई

किसानों की शिकायत मिली है। धान बीज की जांच के लिए टीम को लखनपुर भेजा गया है। दुकानों की बीज जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।
पिताम्बर सिंह दीवान
उप संचालक कृषि

## ठेले गुमटियों में बिक रहे खाद बीज

विकासखंड क्षेत्र में धान खाद बीज के बेहिसाब दुकान खुल गये है। दुकान संचालकों द्वारा मनमाने दरों पर गुणवत्ताहीन धान बीज धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है। नगर में किराना दुकानों, छोटे-छोटे ठेलो में बिना किसी मापदंड के धान बीज की बिक्री हो रही है। क्षेत्र के कुछ पुराने दुकानों को छोड़कर ज्यादातर दुकान संचालकों मनमाना तरीके से बीज दुकान में बिना रेट लिस्ट, बिना रसीद के महंगे दामों में बीज बिक्री की जा रही है। संचालकों के पास एक-दो कंपनी के बीज का लाइसेंस है और वे धड़ल्ले से कई कम्पनियों के बीज बेच रहे है और किसानों को किसी प्रकार की रसीद भी नहीं दी जा रही है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बिक रहे बीज अब उग नहीं रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि खाद बीज दुकान संचालकों की इस मनमानी पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है और जांच के नाम पर भी खाना पूर्ति चल रही है।

## 3 एसपी, 3 एएसपी के साथ ही 15 डीएसपी संभालेंगे सुरक्षा की कमान

# मैनपाट में रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा 700 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज 7 जुलाई से होने जा रहा है और इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, विधायक, सांसद के साथ ही संगठन के पदाधिकारी रविवार से ही मैनपाट पहुंचने लगेंगे। इस दौरान अगले तीन से चार दिनों तक पूरा मैनपाट कड़ी सुरक्षा के घेरे में रहेगा। व्हीआईपी मूवमेंट के कारण दरिमा एयरपोर्ट से लेकर मैनपाट में 7 सौ से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही आईपीएस अधिकारी से लेकर टीआई सुरक्षा की कमान खुद संभालेंगे।

मैनपाट में 7 से लेकर 9 जुलाई तक होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही संगठन मंत्री बीएल संतोष, शिव प्रकाश, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सहित बारह प्रमुख लोग मंत्री-विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान मैनपाट में भारी मूवमेंट रहेने वाला है और इस दौरान मैनपाट में कड़ी सुरक्षा भी रहेगी। मैनपाट में होने वाले इस कार्यक्रम में 7 सौ से अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही इस पूरे कार्य्रक्रम के दौरान व्हीआईपी सुरक्षा की कमान 3 एसपी, 3 एएसपी, 15 डीएसपी लगभग 50 निरीक्षकों के हाथों में होगी।

पुलिस बल को दरिमा एयरपोर्ट से तैनात किया जाएगा जो मैनपाट कार्यक्रम स्थल व उसके आस पास के क्षेत्र को कवर करेंगे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोई परिंदा भी मैनपाट में अपनी मर्जी से पर नहीं मार पाएगा। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन के दौरान इस सुरक्षा व्यवस्था को और भी कड़ी कर दिया जाएगा।



तैयारियों के संबंध में चर्चा करते पदाधिकारी।

### आज से शुरू होगा आगमन

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए अतिथियों के आगमन का सिलसिला रविवार से ही शुरू हो जाएगा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक के साथ ही संगठन के लोग रविवार की दोपहर बाद मैनपाट पहुंचने लगेंगे जबकि मुख्य अतिथि कार्यक्रम के दिन 7 जुलाई को मैनपाट पहुंचेगे। वर्तमान स्थिति में 6 जुलाई को प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक विक्रम उसेंडी के आगमन का प्रोटोकॉल जारी किया जा चुका है।

### पर्यटकों के लिए आवाजाही होगी कठिन

छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में प्रशिक्षण शिविर के दौरान भारी चहल पहल रहेगी। कार्यक्रम के लिए मैनपाट के सभी सभी रेस्ट हाउस, निजी होटल बुक हो चुके है। इसके साथ ही चारो तरफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ऐसे में मैनपाट आने वाले शैलानियों को कठिनाइयों का सामना कर पड़ सकता है।

### कार्यक्रम स्थल के आस पास लगेंगे तड़ित चालक

इन दिनों सरगुजा में मानसून सक्रिय है और बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। बारिश के मौसम में मैनपाट में गाज गिरने की घटनाएं सामने आती रहती है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से मैनपाट में बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए 11 तड़ित चालक प्रशिक्षण स्थल के आस पास लगाए जा रहे है। तड़ित चालक लगाए जाने से आकाशीय बिजली गिरने और किसी भी प्रकार के नुकसान की संभावना समाप्त हो जाएगी और कार्यक्रम के बाद यही तड़ित चालक क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के काम आएंगे।

# शराब के नशे में शिक्षक करता था बच्चों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- जांच के बाद डीईओ ने किया निलंबित

क्षेत्र में लगातार शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है। हाल ही में प्रधान पाठक का शराब के नशे में स्कूल के अंदर डांस करने का वीडियो वायरल हुआ और अब एक बार फिर से एक सहायक शिक्षक द्वारा बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करने की बात सामने आई है। इस मामले में बच्चों और उनके परिजन ने अधिकारियों ने शिकायत की। शिकायत के बाद जांच उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम सोनहत स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल में पदस्थ सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो के खिलाफ शिकायत की थी कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आते है और बच्चों से मारपीट करते है। इस मामले की शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि सहायक शिक्षक छोटेलाल पंडो स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 1ली से 5वीं तक के बच्चों से शराब के नशे में मारपीट करते है। शिक्षक का यह बर्ताव छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम-03 का स्पष्ट उल्लंघन है।

# डॉ. मुखर्जी की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि




**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज एमसीबी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, रमेश यादव, अंकित शर्मा, कोमल पटेल, जलील शाह के साथ ही भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद राहुल सिंह ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं उनके राष्ट्रवादी विचारों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एक देश, एक विधान, एक निशान की भावना के लिए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। उनकी सोच, दूरदृष्टि और बलिदान आज भी हमारे मार्गदर्शक है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे। यह कार्यक्रम भाजपा द्वारा देशभक्ति और संगठनात्मक एकता के संदेश के साथ समर्पण भाव से संपन्न किया गया।

## पुलिस ने संभाग भर से लापता 508 लोगों को बरामद कर मिलाया परिवार से

**अंबिकापुर।** एक महीने के ऑपरेशन तलाश अंतर्गत पुलिस ने विभिन्न राज्यों में गुमनाम जिंदगी जी रहे सैकड़ों लोगों को बरामद कर उनके परिवार की खुशियाँ लौटाने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस अधिकारियों ने सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से लम्बे समय से लापता 508 लोगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजन से मिलाने में सफलता पाई है। बिना सूचना घर से लापता होने वाले लोगों में शादी शुदा महिलाएं एवं छोटे छोटे बच्चे भी शामिल है जिनके बिना परिवार सूना हो गया था तथा उन्हें तलाशने में असफल परिजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा लम्बे समय से लापता लोगों की तलाश के लिए 1 जून से 30 जून तक ऑपरेशन तलाश अभियान चलाया। अभियान में तकनीकी का सहारा लेकर पुलिस ने न केवल छत्तीसगढ़ की गलियों बल्कि तमिलनाडु, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड सहित अन्य राज्यों की खाक छानी एवं लम्बे समय से लापता लोगों को बरामद कर उनके परिवार से मिलाया। बिश्रामपुर की एक 42 वर्षीया महिला अचानक घर से लापता हो गई थी तथा परिजन को उसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। गुम की जांच में तकनीकी मदद से महिला के पास मोबाइल होने एवं गोंडा चौक दिल्ली में मौजूद होने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस की टीम दिल्ली रवाना हुई तथा महिला को सकुशल बरामद कर परिजन से मिलाया। महिला के दो छोटे बच्चे अपनी मां को सामने देख गदगद हो उठे। इसी तरह राजपुर थाना की लम्बे समय से गायब 60 वर्षीया पहाड़ी कोरवा महिला के वाराणसी में मौजूद होने की जानकारी मिली।

## कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लटोरी मुख्य मार्ग पर बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम गजाधरपुर निवासी धरमपाल राजवाड़े आ. केशुराम राजवाड़े (30 वर्ष) गत दिन बाइक से लटोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लटोरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के केल्हारी थानांतर्गत शनिवार की दोपहर को केल्हारी की ओर जा रहे एक बाइक सवार और उसके साथ बैठे युवक को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना हसवाही के जंगल के पास मोड़ पर हुई। दुर्घटना में बाइक सवार शिवप्रसाद सिंह और उनके भांजे सोनल को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए शिवप्रसाद सिंह निवासी ग्राम करियापारा ने बताया कि 5 जुलाई को दोपहर का खाना खाने के बाद अपने भांजे सोनल के साथ मोटर साइकिल (होंडा साइन, क्रमांक सीजी 16 सीएस 3871) से केल्हारी बाजार जा रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे जब वे हसवाही के जंगल के मोड़ पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 13 यूजी 8899 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद शिवप्रसाद सिंह को दाहिने आंख के पास, घुटने, सीने और बाएं हाथ के अंगूठे में चोटें आई हैं, वहीं सोनल को दाएं हाथ के अंगूठे में चोट पहुंची है। घटना के समय बब्बू नामक व्यक्ति और अन्य लोग पीछे से आ रहे थे, जिन्होंने फोन कर अन्य लोगों को सूचित किया और कछौड़ में गाड़ी को रुकवाया, जहां से गाड़ी नंबर की जानकारी मिली। घायलों को तत्काल स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेजा गया। पीड़ति ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों की मांग है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और मोड़ों पर चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।




## ससुर-दामाद के जमीन विवाद में कूद पड़े पसोसी, की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



जमीन गिरवी रखने को लेकर ससुर-दामाद के बीच चल रहे विवाद के बीच पड़ोसी कूद पड़े। आरोपियों ने ग्रामीण की जमकर पिटाई की और उसपर बसूला से हमला कर दिया। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने महिला और अपचारी बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बरियों पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिधमा निवासी अकबर भुईया के ससुर सोनू भुइया ने अपने खेत को 30 हजार रूपए में गांव के भरोसा के पास गिरवी रखा था। उक्त भूमि को अकबर ने 4 साल पहले छुडवा लिया और खेती कर रहा था। उक्त जमीन को पुनह सोनू भुइया गिरवी रखने की तैयारी कर रहा था और इसी बात को लेकर 21 जून को दोपहर 12 बजे अबकर और ससुर सोनू भुइया के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढने पर पड़ोसी अमीरनाथ, सुमीरनाथ, संजय व सोनमनी बीच बचाव के लिए आए थे। इस दौरान अकबर और उसकी पत्नी ने पड़ोसियों से झगड़ा शुरू कर दिया जिससे आक्रोशित होकर सभी ने मिलकर अकबर भुइया की डंडे से मारपीट शुरू कर दी और अमीरनाथ ने बसूला से अकबर के सिर पर वार कर दिया। इस घटना में अबकर भुइया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में अबकर के पुत्र समीर भुईया की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरान्त सिधमा पटेलपारा निवासी 40 वर्षीय संजय भुईया आ. बलदेव भुईया, 19 वर्षीय अमीरनाथ भुईया आ. संजय भुईया, 39 वर्षीया सोनामनी पति संजय भुईया व एक विधि से संघर्षरत बालक को बीएनएस की धारा धारा 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा, बसूला बरामद किया है।




